हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 22 जनवरी 2026


तापमान
अधिकतम 25 .6 डिग्री
न्यूनतम 4 .0 डिग्री


12 पूरे हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया ...



12 गीता ज्ञान हृदय में धारण करने से जीव को संसार ...




## खबर संक्षेप

### कार्यालय का ताला तोड़कर नकदी चोरी

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव मलिकपुर में चोरों ने एक युवक के कार्यालय का ताला तोड़कर दराज से 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मलिकपुर निवासी विकसित केशव ने साढौरा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव में ही कार्यालय बनाया हुआ है। वह देर शाम अपने कार्यालय को बंद करके घर चला गया था। सुबह आया तो टेबल पर लगा दराज खुला पड़ा था और अंदर से 20 हजार रुपये गायब थे।

### ट्रैक्टर पर स्टंट करते समय 13 वर्षीय लड़की घायल

**यमुनानगर।** शहर की अमरपुरी कॉलोनी में ट्रैक्टर से स्टंट करते समय 13 वर्षीय लड़की घायल हो गई। घायल लड़की का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पानीपत में पुलिस ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने समालखा से हथवाला जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर बाइक सवार दिलशाद पुत्र ताज अली निवासी अशोक विहार, लोनी, गाजियाबाद, यूपी को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से बाइक व 4 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश कर आठ दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस गिरोह के अन्य लोगों के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे।

### महिला वकील की जमानत नामंजूर

**पानीपत।** स्वास्थ्य विभाग के पानीपत स्थित सिविल अस्पताल में नियुक्त मलेरिया निरीक्षक को हनीट्रैप का शिकार बना चुकी महिला वकील पूजा की अदालत ने जमानत नामंजूर कर दी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश चौधरी की अदालत ने मामले की गंभीरता और गवाहों के बयानों को आधार मानते हुए आरोपी पूजा को जमानत देने से इंकार कर दिया। जज चौधरी की अदालत ने आरोपी पूजा तीसरी बार जमानत याचिका खारिज की है।

अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बोलीं

# प्रदेश की बेटियां चांद से लेकर पाताल तक लहरा रही हैं परचम

### तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि आज सरस्वती महोत्सव में सरस्वती के पावन तट पर आप यहां आए है, वे एक विश्वास लेकर जाए कि हमें दो बेटियों को सफल बनाना है, चाहे वे शिक्षा के क्षेत्र में हो या रोजगार के क्षेत्र मे हो। वे दिन दूर नहीं जब इन बेटियों में से ही कोई न कोई महिला आयोग की अध्यक्षा होंगी। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करने के उपरांत संबोधित कर रही थी। इससे पहले चेयरपर्सन रेनू भाटिया व हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर ने दीप प्रज्वलित करके विधिवत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां चांद से लेकर पाताल तक भारत देश का परचम लहरा रही है। महिला आयोजन की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने बच्चों को कहा कि इंटरनेट का दुरुपयोग न करके उसका सदुपयोग करें।





पिहोवा। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया को स्मृति चिह्न भेंट करते हरियाणा धरोहर सरस्वती विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

महोत्सव में बैठी बेटियों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि मैं कुरुक्षेत्र की बेटी हूं में आगे बढ़ूगी। अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2026 के तीसरे दिन उपमंडल पिहोवा सरस्वती तट पर विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ महिला आयोग की चयेरपर्सन रेनू भाटिया ने किया। इस मौके पर उनके साथ पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर भी उपस्थित रहें।

### भांग रगड़ कै पिया करू मैं कुंडी सौटे आला हूं ...

इसी कड़ी में हरियाणा के लोकप्रिय कलाकार व भारत पद्मश्री आवार्डी महावीर गुड्डू जो प्रसिद्ध गीत भांग रगड़ कै पिया करू मैं कुंडी सौटे आला हूं, मेरे पाछा-पाछा सावरियां व अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर उन्होंने हरियाणवी गीतों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति से लोगों को अवगत करवाया। सरस्वती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मां सरस्वती की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सेल्फी प्वाइंट आकर्षक का केंद्र

सरस मेले द्वारा किया जा रहा लोगों का मनोरंजन अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में विभिन्न कलाएं देखने को मिल रही हैं। लोग महोत्सव में आकर स्वयं को आनंदित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद आमजन द्वारा लिया जा रहा है। इसके साथ ही संगीत एवं सरस मेले द्वारा लोगों का मनोरंजन किया जा रहा है। महोत्सव में बने सेल्फी प्वाइंट पर लोग अपनी फोटो खिचवा रहे हैं तथा हरियाणवी स्टाइल की पगड़ी बंधवा रहे हैं। यहां पर आए हुए लोग इस महोत्सव की कई यादें अपने साथ ले जा रहे है। हरियाणा धरोहर सरस्वती विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, घुमंतु जाति के चेयरमैन जयसिंह पाल, बीबी करतार कौर, एसडीएम अनिल दून, नपा चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, सुशील राणा, महिला मंडल अध्यक्ष गीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा: अरोड़ा

# यमुनानगर से मथुरा, वृंदावन के लिए शुरू की बस सेवा



यमुनानगर। बस स्टैंड परिसर से झंडी दिखाकर वृंदावन के लिए बस को रवाना करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

*एक तरफ का किराया 396 रुपये, ऑनलाइन बुकिंग सुविधा शुरू की जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य परिवहन ने जिलावासियों की मांग पर यमुनानगर से वृंदावन, मथुरा वाया दिल्ली, पलवल व कोशीकला तक बस सेवा का शुभारंभ किया है। बुधवार को यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने झंडी दिखाकर बस का शुभारंभ कर् से रवाना किया। मौके पर उपायुक्त प्रीति, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा व जीएम रोडवेज संजय रावल भी मौजूद रहे। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि इस बस सेवा का उद्देश्य यमुनानगर के धार्मिक यात्रियों को सीधी,सुरक्षित, सुगम एवं किफायती यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना है। यह पहल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि यह बस यमुनानगर से सुबह साढ़े सात बजे चलेगी और मथुरा वृंदावन में शाम 4 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार मथुरा वृंदावन से बस सुबह साढ़े नौ बजे चलेगी और यमुनानगर लगभग शाम 6 बजे पहुंचेगी। इस यात्रा का एक तरफ का किराया 396 रुपये है जो कि लगभग एक रुपया प्रति किलोमीटर पड़ता है। इस यात्रा की बुकिंग के लिए भविष्य में ऑनलाइन बुकिंग सुविधा शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हरियाणा राज्य परिवहन यमुनानगर के बेड़े में कुल 159 बसें हैं। जोकि अंतरराज्यीय, राज्यीय व ग्रामीण मार्गों पर यात्रियों व विद्यार्थियों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवा रही है।

मिड डे मील की क्वालिटी पर सवाल

# नौनिहालों को बांटी जा रही घटिया खाद्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सरकारी स्कूल रादौर में स्थित मिड डे मील में नौनिहालों को घटिया क्वालिटी का राशन दिया जा रहा है। अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी क्वालिटी में सुधार नहीं किया गया। समाजसेवी संदीप सैनी ने बताया कि जब उन्होंने सरकारी स्कूल रादौर का दौरा कर मिड डे मील चेक किया तो वहां खाने में इस्तेमाल होने वली सामग्री घटिया क्वालिटी की पाई। उन्होंने बताया कि उन्हें कई बार इस बारे शिकायत मिल रही थी। जिसको लेकर वे बुधवार को स्कूल पहुंचे। घटिया सामग्री से बने राशन से स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा था। बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि उनके बच्चों में पोषण की बजाय बीमारियां घर करने की चिंता उन्हें सता रही है। स्कूलों के मिड डे मील में घटियां किस्म का राजमा व अन्य खाद्य सामग्री भेजी गई। समाजसेवी संदीप सैनी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को शिकायत पत्र भेजकर स्कूलों में बच्चों को घटिया खादय सामग्री उपलब्ध करवाये जाने वाले दोषी अधिकारियों के प्रति सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अभिभावक संजू, अनिल कुमार, सतीश कुमार, रघुबीर, सुभाष, राजपाल आदि ने बताया कि बच्चों को स्कूलों में घटिया किस्म का भोजन दिया जा रहा है।



यमुनानगर। रादौर के सरकारी स्कूल के मिड डे मील में भेजा गया घटिया किस्म का राजमा।

## तस्करों ने दो स्थानों से चुराई लाखों रुपये की खैर की लकड़ी

**यमुनानगर।** तस्करों ने अलग-अलग दो स्थानों से लाखों रुपये की खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद सात खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। व्यासपुर ब्लॉक के इंचार्ज वन दरोगा मान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 जनवरी की रात को वह क्षेत्र में गश्त कर रहा था। संधाए जंगल से खैर तस्करों ने खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली है। जंगल से खैर की लकड़ी कटी मिली। जिसकी कीमत करीब 70 हजार रुपये है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खिल्लेवाला जंगल से खैर की लकड़ी चोरी**

कलेसर वन जीव निरीक्षक इंस्पेक्टर लीलु राम ने बताया कि खैर तस्करों ने गांव खिल्लेवाला जंगल से खैर की लकड़ी काटकर चोरी कर ली। जाटोंवाला निवासी प्रवेज, नूर मोहम्मद, इस्ताक उर्फ ताका, इनाम व कालिम ने खैर के पेड़ों को काटकर चोरी किया है। जिनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है।

रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा हरियाणा: सुभाष

# रोजगार मेले में 417 अभ्यार्थियों ने भाग लिया, 86 का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

जिला रोजगार कार्यालय कुरुक्षेत्र की ओर से निजि क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शाहाबाद के विश्रामगृह में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का शुभारंभ भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने फीता काटकर किया। रोजगार मेले में 417 अभ्यिार्थियों ने भाग लिया और 86 का चयन किया गया। विश्रामगृह में अल्पविराम के लिए पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी रोजगार मेले का अवलोकन किया और इस मेले को युवाओं के लिए विशेष बताया। सुभाष कलसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने बताया कि इस रोजगार मेले में मुख्य नियोजकों में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, नवीन जिंदल फांडेशन, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड गुरुग्राम, पुखराज हेल्थ केयर, रामाया हेल्थ केयर, सात्विक सोलर प्लांट, आदेश मेडिकल कॉलेज, सीआईएस सिक्योरिटी लिमिटेड, भारतपे आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 89 योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया जबकि 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लेमा व आईटीआई पास करीब 417 अभ्यािर्थियों ने भाग लिया। अभ्यर्थियों के लिए मेले में जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी। रविंद्र सांगवान ठोल, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, अंकुर सैनी, मनदीप रावा आदि मौजूद रहे।



शाहबद। रोजगार मेले का अवलोकन करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व सुभाष कलसाना।

### 29 को जालंधर से रवाना होगी बेगमपुरा एक्सप्रेस

**बराड़ा।** श्री गुरु रविदास महाराज के 159वें प्रकाश पर्व एवं रविदासिया धर्म के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर संगत को लेकर स्पेशल ट्रेन बेगमपुरा एक्सप्रेस 29 जनवरी को जालंधर से बनारस के लिए रवाना होगी। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ के संचालक संत मनदीप दास ने बताया कि यह ट्रेन सांय लगभग पांच बजे अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यहां संगत द्वारा इसका भव्य स्वागत किया जाएगा तथा चाय का लंगर वितरित किया जाएगा। संत मनदीप दास ने बताया कि काशी बनारस स्थित श्री गुरु रविदास जन्मस्थान सीर गोवर्धनपुर में 1 फरवरी को डेरा संचखंड बल्लां के गद्दीनशीन संत निरंजनदास महाराज की सरपरस्ती में भव्य समारोह आयोजित होगा। इसमें पंजाब व हरियाणा सहित देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे।

# अमेरिका भेजने के नाम पर 34.50 लाख की ठगी

*अमेरिका के बजाय कोलंबिया भेजकर बंधक बनाने का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

अमेरिका भेजने के नाम पर वार्ड नंबर-4 के शमशेर सिंह के साथ 34.50 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों ने उनके के बेटे को अमेरिका के बजाय कोलंबिया भेजकर वहां एक कमरे में बंधक बना लिया व उसे यातनाएं दीं। पीड़ित ने सीएम विंडो पर शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने विकास मलिक, सुनील शर्मा, सचिन मलिक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़ित को खुद के खर्च पर बेटे को वापस भारत बुलाना पड़ा। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-4 निवासी शमशेर सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2024 में उनकी मुलाकात इंस्टाग्राम के जरिए गोहाना के विकास मलिक से हुई थी। विकास ने उन्हें सुनील शर्मा व सचिन मलिक से मिलवाया था जो गोहाना में शोरूम चलाते हैं। आरोपियों ने बेटे हरपिंद्र को अमेरिका भेजने का झांसा देते हुए 40 लाख रुपये का खर्च बताया था। अपने बेटे के भविष्य के लिए पुश्तैनी जमीन बेच दी व कर्ज लेकर आरोपियों को अलग-अलग माध्यमों से 34.50 लाख रुपये दे दिए थे। आरोपियों ने हरपिंद्र को अमेरिका भेजने के बजाय कोलंबिया भेज दिया। वहां उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया व पीटा गया। अब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### 26 लाख की धोखाधड़ी करने वाला काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में आर्थिक अपराध शाखा की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। परिवादी सुरिंद्र सिंहने 10 अक्टूबर 2025 को थाना महेशनगर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 16 मई 2023 से 15 सितंबर 2025 के बीच आरोपी विकास व उसके अन्य साथियों ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर 26 लाख 10 हजार रुपये की बड़ी राशि हड़प ली। आरोपियों ने न केवल धोखाधड़ी की, बल्कि पीड़ित को फर्जी कागजात थमा दिए और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जांच के दौरान अब आरोपी विकास को गिरफ्तार किया गया है।




## खबर संक्षेप



### खालसा कॉलेज में व्याख्यान का हुआ आयोजन

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्कल यूनिट द्वारा पंजाबी पोस्ट ग्रेजुएट विभाग के सहयोग से श्री आनंदपुर साहिब से खिदराने दी ढ़ाब तक वापस आने का साहस , त्याग, पश्चाताप और मुक्ति की यात्रा विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। लेक्चर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में गुरु रामदास जी गुरमत अकादमी यमुनानगर के सरदार मनजीत सिंह ने भाग लिया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने की। मुख्य वक्ता सरदार मनजीत सिंह ने पश्चाताप, साहस और आध्यात्मिक जागृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए करें योग का अभ्यास : बलजीत

**थानेसर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए और अपनी दिनचर्या में व्यायाम और योगा को भी शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही महिलाओं को किसी ना किसी खेल के साथ जुडकर निरंतर अभ्यास भी करने का प्रयास करना चाहिए। पीओआईसीडीएस बलजीत कौर शाहबाद में विभागीय खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में बोल रही थी। इससे पहले पीओआईसीडीएस बलजीत कौर ने विधिवत रूप से शाहबाद खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं ने साइकिल रेस, डिस्कस थ्रो, पैदल रेस, 100 व 400 मीटर रेस सहित अन्य प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग की तरफ से सरकार के आदेशानुसार समय-समय पर खेलकूद के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

### एआई के दौर में सोशल मीडिया पर रहें सतर्क

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली किसी भी खबर, फोटो या वीडियो को बिना सत्यापन किए साझा करना समाज के लिए गंभीर नुकसानदेह हो सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग के चलते झूठी और भ्रामक घटनाओं को इस तरह पेश किया जा रहा है कि आम व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो जाता है। विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं या संवेदनशील मामलों से जुड़ी पोस्ट अक्सर बिना सच्चाई की जांच किए फैला दी जाती हैं। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि हर वायरल होने वाली चीज सच नहीं होती। बिना पुष्टि ऐसी पोस्ट को आगे बढ़ाना न केवल अफवाहों को जन्म देता है, बल्कि कई बार कानून व्यवस्था को भी प्रभावित करता है।

### 27 से शुरू होगा स्वास्थ्य शिविर का पहला चरण

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका प्रथम चरण 27 जनवरी 2026 से प्रारंभ होगा। पहले चरण का पहला शिविर मंगलवार, 27 जनवरी को पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के गांव थाना स्थित नॉलेज सेंटर में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के प्रथम चरण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तय कार्यक्रम के अनुसार पूरे संसदीय क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे।

## बंतो कटारिया ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को पुष्प गुच्छा देकर किया अभिनंदन

# युवाओं की शक्ति एवं आत्मबल को लेकर आगे बढ़ रही भाजपा:कटारिया

**प्रदेश उपाध्यक्ष ने युवा नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर पीएम का किया आभार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुष्प गुच्छा भेंटकर उनका अभिनंदन करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया।

भारतीय जनता पार्टी युवाओं की युवा शक्ति एवं आत्मबल को लेकर सशक्त रुप से आगे बढ़ रही है। भाजपा ने पार्टी के प्रखर कार्यकर्ता हर दायित्व को कर्मठता एवं दक्षता से पूर्ण करने वाले युवा नितिन नबीन को भाजपा का नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर एक नई मिशाल पेश की है।

उक्त शब्द अंबाला से लोकसक्षा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी रही एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने दिल्ली में नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का अभिनंदन करने के बाद फोन पर हरिभूमि से बातचीत करते हुए कहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने नवनियुक्त भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृहमंत्री समेत समस्त हाईकमान का आभार जताया। कटारिया ने कहा कि निश्चित तौर पर नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष की योग्यता, अनुभव, ऊर्जा और परिश्रम से आने वाले समय में पार्टी नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। आज एक ऊर्जावान नेतृत्व का सामने आना यह दर्शाता है कि यहां केवल परिश्रम और योग्यता की महत्ता होती है। इनकी संगठनात्मक क्षमता, राजनीतिक अनुभव और सार्वजनिक जीवन के प्रति प्रतिबद्धता एनडीए गठबंधन को मजबूत करेगी और राष्ट्रीय राजनीति में सकारात्मक योगदान देगी। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया ने कहा कि नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की दूरदर्शी सोच, संगठनात्मक दक्षता और अनुभव निश्चित रूप से पार्टी को नई मजबूती और नई दिशा प्रदान करेगा। इनके नेतृत्व में आगामी समय में भाजपा अंत्योदय से सर्वोदय के संकल्प को और सशक्त करेगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एनडीए गठबंधन को और मजबूत करने,सहयोगियों के बीच बेहतर तालमेल बनाने और विकसित भारत के लिए हमारे सामूहिक विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आज भाजपा युवाओं की युवा शक्ति एवं आत्मबल पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि युवा ही देश व प्रदेश की शक्ति है और भाजपा ने हमेशा युवाओं को मान सम्मान दिया है। यही कारण है कि भाजपा ने सबसे बड़े राजनैतिक दल की जिम्मेदारी युवा को सौंपी है। मौके पर सन्नी राजपूत आदि मौजूद रहे।

# एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल ने बाइक चोर को पकड़ा

- आरोपी ने चोरी की तीन वारदातों का खुलासा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



डीसी राहुल हुड्डा।

जिला पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट सेल की टीम ने बाड़ी माजरा पुल के पास से एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक चोर चोरी की बाइक को उत्तर प्रदेश बेचने के लिए लेकर जा रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बाइक चोरी की तीन वारदातों का खुलाया किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी की तीन बाइक बरामद कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सेल के इंचार्ज राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक चोरी की मोटरसाइकिल लेकर बाड़ी माजरा नहर पुल की ओर से गुजरने वाला है। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही हरविलास, रविंदर, संदीप, नरेश व योगेश के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा संभावित स्थान पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान कुछ समय बाद एक युवक मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने उसे रोककर जांच की तो मोटरसाइकिल के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। गहन पूछताछ करने पर वह मोटरसाइकिल चोरी की निकली। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान शिवपुरी कॉलोनी नजदीक कांसापुर गुरुद्वारा निवासी सोनू उर्फ सट्टा के रूप में हुई।

**आठ मुकदमें दर्ज**

राजेश कुमार ने बताया कि आरोपी एक आदतन अपराधी है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के आठ मुकदमे दर्ज हैं, जो न्यायालय में विचाराधीन हैं। आरोपी द्वारा की गई बरामदगी से वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मानसून में जलभराव रोकने के लिए फरवरी से करें नालों की सफाई:बहमनी

- मेयर सुमन बहमनी ने नगर निगम कार्यालय में आयोजित निगम अधिकारियों की बैठक में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। बैठक में दिशा निर्देश देते हुए मेयर सुमन बहमनी।

विकास कार्यों में तीव्रता व गुणवत्ता और नगर निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मेयर सुमन बहमनी ने अलग अलग स्थानों पर निगम के तीनों कार्यालयों में वार्ड वाइज बैठकों का आयोजन कर पार्षदों और निगम अधिकारियों के साथ विकास कार्यों व जनहित से जुड़े मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। मेयर सुमन बहमनी ने जगाधरी नगर निगम कार्यालय में वार्ड नंबर एक से सात, कन्हैया साहिब चौक स्थित निगम कार्यालय में वार्ड 16 से 22 तथा फव्वारा चौक स्थित नगर निगम के मुख्य कार्यालय में वार्ड 8 से 15 के पार्षदों व अधिकारियों के साथ बैठक की।

मेयर ने बताया कि निगम क्षेत्र में करीब 94 करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। इनमें से कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने सभी पार्षदों से उनके वार्डों में चल रहे विकास कार्यों, सफाई व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम की स्थिति जैसे अहम विषयों पर चर्चा की।

### सरस्वती नदी पर की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में बुधवार को इतिहास विभाग की ओर से सरस्वती नदी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डा. चा सीकरी ने बताया कि सरस्वती नदी जो अब विलुप्त हो गई है। यह भारत की पवित्र नदियों में से एक है। इसके तट पर दो प्रसिद्ध सभ्यताओं सिंधु और वैदिक विकसित हुई। वेदों की रचना की गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, दूसरा स्थान श्रेया व तीसरा स्थान पायल देसवाल ने प्राप्त किया।

# सामूहिक विवाह समारोह में दस जरूरतमंद कन्याओं का होगा विवाह

- संस्था 12 वर्षों से लगातार आयोजित कर रही विवाह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। पत्रकारों से बातचीत करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

शहर की रोटरी क्लब संस्था रिवेरा द्वारा 23 जनवरी को शहर के आरके पलैस में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 10 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह पूरे रीति-रिवाज और सम्मान के साथ करवाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्था के प्रधान सुखवंत गिल ने बताया कि रोटरी यमुनानगर रिवेरा पिछले 12 वर्षों से लगातार सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। अब तक संस्था द्वारा 200 जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करवाया जा चुका है। संस्था का उद्देश्य उन परिवारों की मदद करना है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों का विवाह ठीक से नहीं कर पाते। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से न केवल विवाह कराया जाता है बल्कि नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी शुरू करने के लिए आवश्यक सामान भी प्रदान किया जाता है ताकि उन्हें आगे के जीवन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# 1 फरवरी को मनाई जाएगी संत नामदेव की जयंती



यमुनानगर। कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण पत्र देते नामदेव समाज के लोग।

**रादौर।** कस्बा रादौर के नामदेव मंदिर में 1 फरवरी को संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755 वीं जयंती के उपलक्ष में 8वें वार्षिक जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद होंगे। वहीं भाजपा नेता नेपाल राणा, राम स्वरूप नामदेव नीलोखेडी, अजय कुमार एसडीओ पब्लिक हेल्थ वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश कुमार बागडी लुधियाना करेंगे। समिति के प्रधान महेश कुमार बंटी ने बताया कि कार्यक्रम में नामदेव जी महाराज व देवी देवताओं की सुंदर झांकियों का आयोजन निर्मोही म्यूजिकल ग्रुप मुलाना द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। कार्यक्रम में समाज के लोगों की ड्यूटी लगाई है। हर वर्ष संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

# मंत्री अनिल विज यमुनानगर में गणतंत्र दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण

- जिला प्रशासन द्वारा जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर युद्धस्तर पर की जा रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास करते हुए विद्यार्थी व सुरक्षा बल के जवान। ।

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला के तेजली खेल परिसर में आयोजित होने वाले जिलास्तरीय समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। उक्त जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने तेजली खेल परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर चल रही तैयारियों के दौरान पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में शिरकत करते हुए दी।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को सुबह 10 बजे तेजली खेल परिसर में हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इससे पूर्व वह पुलिस लाईन जगाधरी स्थित शहीदी स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन करेंगे। उन्होंने बताया कि जिलास्तरीय समारोह में शानदार मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। इस मार्च पास्ट में जिला पुलिस, जिला महिला पुलिस, गृह रक्षी विभाग की टुकड़ी के साथ साथ एनसीसी लडके व लड़कियों की टुकडियां, गर्ल्स गार्डस और स्काऊट शामिल होगा।एडीसी नवीन आहूजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर जिला के स्वतंत्रता सेनानियों व युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर जसविंदर सिंह, प्रेमलता, सुनीता त्यागी,राजेश पोसवाल, डीपीई कृष्ण लाल व मदन लाल आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने विज्ञान प्रोजेक्ट के तहत तैयार किए मॉडल



**रादौर।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल अलाहर में बुधवार को प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में विज्ञान प्रोजेक्ट के तहत छात्रों ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रेन, बैटरी संचालित कार, बैटरी संचालित नाव व इलेक्ट्रॉनिक ट्रैक्टर जैसे आकर्षक मॉडल्स तैयार किए। बच्चों ने न केवल इन प्रोजेक्ट्स को बड़े कौशल से बनाया, बल्कि उन्हें सफलतापूर्वक संचालित कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक सुरेश कांबोज ने बच्चों को इस प्रकार के मॉडल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना बहुत अनिवार्य है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। साइंस की अध्यापिका रजनी व कोऑर्डिनेटर नीरू ने भी सभी बच्चों को प्रेरित किया और उनके नवाचारिक कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाएं बच्चों की रचनात्मकता सोच को बढ़ावा देती हैं।

### छात्र करण भारती ने जीती क्विज प्रतियोगिता

**यमुनानगर।** मुकंद लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर में सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को वाणिज्य विभाग द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के वाणिज्य, विज्ञान एवं कला संकाय के 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने किया।क्विज प्रतियोगिता में छात्र करण भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, छात्रा रिया सलूजा ने द्वितीय और अमनप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। व प्राचार्य डॉ. अनिल धवन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ज्ञान, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर पालिका कार्यालय में हुई पार्षदों की बैठक

# सामाजिक समरसता के लिए किया जाएगा हिंदू सम्मेलन : आर्य

- 14 फरवरी को गांव सढ़ूरा, 15 को गांव पोटली, 22 को गांव कांजनें सम्मेलन आयोजित किए जाएगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। पार्षदों के साथ विचार विमर्श करते आरएसएस के वरिष्ठ सदस्य मान सिंह आर्य। फोटो : हरिभूमि

हिंदू एकता आयोजन समिति के तत्वावधान नौ फरवरी को रादौर के पैलेस में आयोजित होने वाले हिंदू एकता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर नपा कार्यालय में पार्षदों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपा चेयरमैन रजनीश मेहता ने की। मौके पर मुख्यातिथि के रुप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यकारिणी सदस्य मान सिंह आर्य ने भाग लिया। बैठक में नौ फरवरी को कस्बा के पैलेस में आयोजित होने वाले हिंदू एकता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। मुख्यातिथि एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यकारिणी सदस्य मान सिंह आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष चल रहा है। जिसके पहले चरण में संचलन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे चरण में घर घर संपर्क अभियान चलाया गया।

तीसरे चरण में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अब चौथे चरण में मंडल स्तरों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएगें। जिसका उद्देश्य हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा व नव चेतना प्रदान करना है। जिसमें सर्व हिंदू समाज अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। जिसके माध्यम से सनातन संस्कृति, सनातन धर्म, सामाजिक व धार्मिक एकता को बल प्रदान किया जाएगा। इन आयोजनों के माध्यम से सामाजिक समरसता के भाव को मजबूती प्रदान की जाएगी। हिंदू एकता आयोजन समिति के बैनर तले आयोजित होने वाले हिंदू एकता सम्मेलनों की शुरुआत खंड रादौर में एक फरवरी से की जाएगी। जिसके तहत एक फरवरी को गांव मंधार व 8 फरवरी को गांव दोहली में हिंदू एकता सम्मेलन आयोजित होगें। 9 फरवरी को सुबह 10 बजे रादौर के सफल पैलेस में हिंदू एकता सम्मेलन का आयोजन होना है। इसके अलावा 14 फरवरी को गांव सढ़ूरा, 15 फरवरी को गांव पोटली, 22 फरवरी को गांव कांजनू व एक मार्च को गांव चमरोड़ी में हिंदू एकता सम्मेलन आयोजित किए जाएगें। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन स्व का बोध, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्त्तव्य, कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण संरक्षण के बारे भी नपा सदस्यों को जानकारी दी। इस अवसर पर पार्षद विनीश राणा, भगवत दयाल, रविंद्र सैनी, देवेंद्र सैनी, ऋषिपाल नंबरदार, श्रीकांत मोंटी, जसवंत बंचल, रणजीत सिंह, चरणजीत मोनू, सुदेश सैनी, पूर्व बत्तरा, गुलशन सैनी व डॉ. प्रीति गर्ग आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### कमौदा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 25 को

कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से माघ सप्तमी के पावन पर्व पर 25



जनवरी को श्रीकाम्यकेश्वर महादेव मंदिर कमौदा में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से डीआर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित किया जाएगा। शिविर में क्षेत्रवासियों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी।

### सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालन : डीएसपी

पिहोवा। डीएवी कॉलेज पिहोवा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के द्वारा सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शिविर की शुरूआत प्रार्थना सभा से की गई। प्रार्थना सभा में कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर सुमन लता भी उपस्थित रहे। उसके बाद स्वयंसेवकों के द्वारा योग एवं ध्यान के माध्यम से दिन की शुरूआत की। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सात दिवसीय शिविर 25 जनवरी तक लगाया जाएगा। पिहोवा के डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस निर्मल सिंह द्वारा स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत करवाया।

### गणतंत्र दिवस के लिए 24 तक होगी रिहर्सल

पिहोवा। 76वें गणतंत्र दिवस के उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को पिहोवा की अनाज मंडी में गणतंत्र दिवस को लेकर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने रिहर्सल की। बुधवार को अभ्यास के पहले दिन विभिन्न स्कूलों व कालेज के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट की रिहर्सल की। पमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह को मनाने के लिए विभिन्न स्कूलों व कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे तथा सरकार की विभिन्न विभागों की विकासात्मक योजनाओं को झांकियों के रूप में लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

## अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों को झूमने पर किया मजबूर

# सोमवीर कथूरवाल ने हरियाणवी गीतों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 2026 में देर रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हरियाणवी कलाकार सोमवीर कथूरवाल तथा उनके साथी कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लोकगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सांय कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने किया। इस मौके पर उनके साथ सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, हान्नु चक्रपाणि, भाजपा नेता डा सतीश सैनी व सुखबीर सैनी तथा अरविंद शर्मा भी उपस्थित थे। प्रसिद्ध गायक सोमवीर कथूरवाल जो अपनी गायकी के माध्यम से लोगों को हरियाणवी संस्कृति के बारे में बताते है। अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में सरस्वती वंदना से शुरूआत कर हरियाणा की प्रसिद्ध रागनी गाड्डे आली गजबन छोरी, तू सुथरी उतरी दिल पै चोट मारगी कई हरियाणवी व धार्मिक गीतों की प्रस्तुतियां दी। उनके गीतों पर सरस्वती तट पर मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का स्वागत किया तथा उनके गीतों पर खुशी से झूमे। कार्यक्रम में सोमवीर कथूरवाल ने अपने हरियाणवी गीतों के माध्यम से लोगों को समाज में फैली कुरीतियों को जड़ से खत्म करने के लिए सहयोग मांगा। सांय कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में हरियाणवी कलाकार सोमवीर कथूरवाल ने लोगों का खूब मनोरंजन किया तथा दर्शकों को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इस मौके पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना, सुखबीर सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, महामंत्री गुलशन शर्मा, प्रदीप शर्मा, रामधारी शर्मा, रघुविंद्र मौरथली, सुखबीर ईशाक, सतीश सैनी, हन्नु चक्रपाणि, गिन्नी, शिव दर्शन मुरार, डीपी दस्तूर, अमन बिडलान, मोहित एडवोकेट, मनमोहन चक्रपाणि, राजीव कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा आमजन उपस्थित रहें।



पिहोवा। दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा।



पिहोवा। प्रसिद्ध गायक सोमवीर कथूरवाल प्रस्तुति देते हुए।

### खास बातें

- सांयकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ पुंडरी विधायक सतपाल जांबा ने किया
- कलाकारों की प्रस्तुतियों पर सरस्वती तट पर मौजूद दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया

### *हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने में संजीवनी का काम कर रहा महोत्सव*

*अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव-2026 के सरस मेले में हरियाणा के पानीपत जिला के भीम सिंह हाथों से बने गर्म वस्त्र जैसे शॉल, स्टौल, लोई, जर्सी, मफलर इत्यादि लेकर पहुंचे। भीम सिंह ने बताया कि वे केवल सर्दी के मौसम में ही वस्त्र बेचते है। वे हरियाणा व अन्य राज्यों में लगने वाले राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय लगने वालें मेलों में अपना स्टॉल लगाते है। वे इस काम में पिछले 25 वर्षो से कार्य कर रहे है। अन्य 5 लोगों भी इस कार्य में उनका सहयोग करते है। इनके पास रूपए 300 से लेकर रूपए 3 हजार तक के गर्म वस्त्र उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जितना भी सामान उनके पास है उसकी कताई बुनाई, साज सजावट हाथों से की जाती है।*

### *सरस मेले का पर्यटकों ने उठाया लुफ्त, जमकर की खरीदारी*

*अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में पर्यटक जमकर खरीदारी कर रहे है। तीसरे दिन लोगों ने जमकर खरीदारी की। सरस मेले में खास बात यह रही कि युवाओं के भारी संख्या में सरस मेले का लुफ्त लेते दिखाई दिए। पर्यटकों ने गोहाना की मशहूर जलेबी, करारी बेलपूरी के साथ-साथ कई व्यंजनों के स्वाद चखे।सरस मेले में हरियाणा की संस्कृति को दशार्ती हरियाणवी ड्रेस पहने युवतियां हरियाणवी लोक नृत्य से नई पीढ़ी की बेटियों को अवगत करवाती दिखाई दी। महिलाओं ने खरीदारी के दौरान पंजाब के शिल्पकारों द्वारा तैयार की गई फुलकारी व कढाई वाले सूट खरीदे। युवाओं ने मेले के दौरान सरस्वती हेरिटेज बोर्ड द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।*

### लुप्त हो रही संस्कृति को संरक्षित कर रहा महोत्सव

हरियाणा की लोक कला और संस्कृति की लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी कई विधाओं को संरक्षित करने का काम अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव कर रहा है। इस महोत्सव में ढेरु गायन गाथा, बीन बांसुरी जैसी लोक कलाओं को सरस्वती के पावन तट पर देखा जा रहा है। इस महोत्सव से न केवल लोक संस्कृति को जीवित रखने का प्रयास सरकार की तरफ से किया जा रहा है बल्कि लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे है। अहम पहलू यह है कि सरस्वती के तट पर नगाड़ा पार्टी, बीन पार्टी, धमाल पार्टी के कलाकार हरियाणवी संस्कृति का रंग जमा रहे है। महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों की लोक कला को पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। इन प्रदेशों के उन लोक नृत्यों को कलाकार प्रस्तुत कर रहे है, जो लोक कला लुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। पलवल से बीन पार्टी के लोक कलाकार करतार नाथ व पलवल के ही गांव मछरी से नगाड़ा पार्टी के लीडर चंद्र सिंह ने बातचीत के दौरान इस बात का खुलासा किया कि हरियाणा प्रदेश में गिनती के ही कलाकार ही बचे है जो बीन, तुम्बा, ढोलक, खंजरी बजा कर जोगी नाथ बीन सपेरा परम्परा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। इन लोक कलाकारों ने ढेरु गाथा गायन के जरिए गुरु गोरख नाथ जी की गाथा, जवाहर गोगा पीर की गाथाओं का गुणगान किया। इन लोक कलाकारों का कहना है कि यह लोक कला विलुप्त करने के कगार पर पहुंच चुकी है।

# फिजी वायरस व मुआवजे की मांग को लेकर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारतीय किसान यूनियन पिहोवा के आह्वान पर क्षेत्र के सैकड़ों किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और किसान रेस्ट हाउस से पिहोवा चौंक तक रोष मार्च निकालकर मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री का पुतला फूंका। किसान रेस्ट हाउस में सैंकड़ो की संख्या में किसान ब्लॉक प्रधान बलविंदर कंबोज व युवा प्रधान मनीष मलिक की अध्यक्षता में इकट्ठे हुए। किसानों का कहना है कि सरकार की अनदेखी और लापरवाही के कारण किसान लगातार आर्थिक तबाही झेल रहा है। भाकियू प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि फिजी वायरस व बाढ़ से खराब धान का मुआवजा नहीं मिला,जिले में तकरीबन 81000 एकड़ के धान खराबे का मुआवजा किसानो ने मांगा था लेकिन सूत्रो से पता चला है की केवल 7000 एकड़ का मुआवजा जारी किया गया है बाकी सारा खराबा पोर्टल से हटा दिया गया । वर्ष 2025 में फिजी वायरस के प्रकोप तथा बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से धान की फसल भारी मात्रा में खराब हुई। सरकार द्वारा मुआवजे की घोषणा के बावजूद लगभग 90 प्रतिशत किसान आज भी मुआवजे से वंचित हैं।



पिहोवा। रोष प्रदर्शन करते किसान।

### आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने नदियों का स्थायी समाधान, मजबूत बाँध, नदियों को चौड़ा-गहरा करने और बरसात से पहले सुरक्षा कार्य पूरे करने की मांग की। प्रदर्शन के उपरांत किसानों ने अपनी सभी मांगों को लेकर सीएम के नाम उपमंडल अधिकारी को नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। भारतीय किसान यूनियन (पिहोवा) ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को प्रदेश स्तर तक फैलाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

सरस्वती नदी के ऐतिहासिक क्षणों को दर्शाया

# हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड ने लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

जनवरी हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि देश की प्राचीन सरस्वती नदी के इतिहास को सरस्वती प्रदर्शनी में देखा जा सकता है। इस प्रदर्शनी में सरस्वती नदी के ऐतिहासिक क्षणों को पैनलों में दशार्ने का अनोखा प्रयास किया गया है। इस हजारों वर्ष पुरानी सरस्वती नदी के इतिहास को हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड द्वारा लगाई प्रदर्शनी में 25 जनवरी 2026 तक देखा जा सकता है।धुमन सिंह का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती उत्सव के तीसरे दिन विभिन्न विभागों की लगाई गई स्टॉलों में सरस्वती नदी के उदगम स्थल से गुजरात प्रदेश के अहमदाबाद में सरस्वती बांध का दृश्य एवं इसके बाद संगम का दृश्य दशार्या गया है तथा यह लोगों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है। पहले चित्र में सरस्वती का ऋग्वेद ग्रंथ में सरस्वती के महत्व का वर्णन उसके बाद यजुर्वेद में सरस्वती के महत्व का वर्णन दशार्या गया है जो मानव कल्याण का दर्शन बौद्ध करवाता है। इसके अगले चित्र में ब्रिटिश काल के मानचित्र में सरस्वती का वर्णन तथा हाकरा चैनल इसमें यमुना, सरस्वती, सतलुज का उल्लेख व वर्ष 1874 पेज 101 क्रम 42 गजट नोटिफिकेशन बैंगलोर के उल्लेख एवं फोटो प्रति दशार्ती है। पूर्व में सरस्वती का प्रवाह हरियाणा से होकर गुजरता था। सरस्वती नदी के प्रवाह का मानचित्र का मॉडल, विभिन्न स्थानों से गुजरती सरस्वती का प्रवाह दिखाया गया है।



### बुनियाद लेवल- 2 की परीक्षा के लिए जिला के 1175 विद्यार्थियों का चयन

कुरुक्षेत्र। मिशन बुनियाद के अंतर्गत बुनियाद लेवल- 2 की परीक्षा के लिए जिला कुरुक्षेत्र के 1175 विद्यार्थियों को चयनित किया है जो 30 जनवरी 2026 को होने वाली परीक्षा में भाग लेंगे। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कुरुक्षेत्र जिले से बुनियाद लेवल-1 की परीक्षा



में 3516 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें से 1175 विद्यार्थियों को बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा के लिए चयनित किया है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया की बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा 30 जनवरी 2026 को होगी तथा विद्यार्थियों को परीक्षा आरंभ होने से एक घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि बुनियाद लेवल 2 परीक्षा पूर्णतया विषयपूरक होगी जिसमें कुल 10 प्रश्न पूछे जाएंगे तथा परीक्षा 75 अंकों की होगी। परीक्षा का समय 1:30 से से 2:45 से तक रहेगा। विद्यार्थियों को वर्दी में आना होगा। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर परंतु बौद्धिक रूप से उत्कृष्ट विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से ही आईआईटी, नीट, एनडीए तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निशुल्क करवाई जाती है।



### 1 करोड़ 9 लाख 45 हजार की लागत के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

लाडवा। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने बुधवार को लाडवा विधानसभा में करीब एक करोड़ 9 लाख 45 हजार रुपए की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी सबसे पहले बाबैन कि नई अनाज मंडी में पहुंची यहां पर उन्होंने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 30 लाख रुपए की लागत से बनी अटल किसान श्रमिक कैंटीन का उद्घाटन किया और इसी जगह पर उन्होंने 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भूजल पुनर्भरण तालाब के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर श्रमिक जीवन सुरक्षा योजना के तहत 3 लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए।

## गुरसिख परीक्षार्थियों को बड़ी राहत

# धार्मिक चिन्हों के साथ परीक्षा देने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा सरकार की अधिसूचना का जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने किया स्वागत

हरियाणा सरकार द्वारा जारी एक अहम अधिसूचना से गुरसिख परीक्षार्थियों को बड़ी राहत मिली है। अब प्रदेश में आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख अभ्यर्थी अपने धार्मिक चिन्ह पहनकर परीक्षा दे सकेंगे। इस निर्णय पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदैव सिख धर्म के मान-सम्मान और धार्मिक भावनाओं का आदर किया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में गुरसिख परीक्षार्थियों को धार्मिक चिन्ह पहनकर प्रवेश की अनुमति देकर मुख्यमंत्री ने एक बार फिर स्वयं को सिख हितैषी सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रदेश में कई ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जहां गुरसिख परीक्षार्थियों को धार्मिक चिन्ह पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया गया, उन्हें धार्मिक चिन्ह उतारने के लिए मजबूर किया गया। इस कारण कई अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित भी रह गए। इस गंभीर समस्या को लेकर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी लगातार सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग कर रही थी। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान या प्रतियोगी परीक्षा केंद्र पर गुरसिख परीक्षार्थी अपने धार्मिक चिन्ह पहनकर ही प्रवेश करेंगे और परीक्षा देंगे, तथा किसी भी परिस्थिति में उन्हें रोका नहीं जाएगा। इसके साथ ही अधिसूचना में विवाहित महिलाओं को मंगलसूत्र पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश की भी अनुमति दी गई है।



# राहुल गांधी ने कांग्रेस के इतिहास विचारधारा व रणनीति बारे की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंजाबी धर्मशाला में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान नौंवे दिन बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड व हरियाणा के जिलाध्यक्षों को संबोधित करते हुए उनमें जोश भरा। जिला अध्यक्षों को कांग्रेस के इतिहास, विचारधारा और आगामी रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। रोहतक ग्रामीण के जिलाध्यक्ष बलवान सिंह रंगा ने कहा कि राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों से सभी को साथ लेकर चलने का आह्वान किया। कहा कि 36 बिरादरी को साथ लेकर चलना है। कांग्रेस की नीतियों बारे लोगों को अवगत करवाना है। इसी के तहत अब वे गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करेंगे।

### नेताओं का सम्मान करने को कहा : प्रवीण

रेवाड़ी के शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी ने उन्हें अनुशासन और



संगठन को मजूबत करने सहित पार्टी के नेताओं का मान-सम्मान करने बारे कहा। राहुल गांधी ने बताया कि किस तरीके से कांग्रेस की सरकार बनानी है। विकास में हमारा देश पीछे जा रहा है। वोटों की चोरी कर सरकार चुराने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस काल में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए। जिलाध्यक्षों से राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आपको जिले का हैड बनाकर भेजा है इसलिए कांग्रेस की नीतियों को आमजन तक पहुंचाकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करे।

### जिला प्रधानों की भूमिका के बारे बताया : मेवा सिंह



कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों के साथ सामाजिक मुद्दे सहित हर मुद्दे पर बातचीत की। देश की आजादी के बाद कांग्रेस की क्या भूमिका रही। राजनीति में जिला प्रधानों की क्या भूमिका है। कांग्रेस नीतियों का गांव-गांव तक प्रचार करने की बात कही। उन्होंने एक परिवार के मेंबर की तरह मिलकर बात की। राहुल गांधी हर जिला प्रधान के परिवार से मिले। ट्रेनिंग सेशन में उन्होंने हमे राजनीतिक गुर बताए।

जागरूकता

## वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव रामानंद चौधरी ने किया साई सेंटर कुरुक्षेत्र का अवलोकन

सरकार की खेल नीतियों पर प्रकाश डाला

# आत्मविश्वास और मेहनत के साथ जीती जा सकती है हर खेल की बाजी : रामानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव ने कहा कि आत्मविश्वास और मेहनत के साथ हर खेल की बाजी को जीता जा सकता है। इसलिए खिलाड़ियों को खेल के मैदान में निरंतर अभ्यास करना चाहिए और अपने गुरुजनों से हर दांवपेंच सीखना चाहिए। इस प्रशिक्षण से ही खिलाड़ियों में आत्मविश्वास पैदा होगा। इस आत्मविश्वास से ही खिलाड़ी के खेल की नींव मजबूत होगी। महासचिव रामानंद चौधरी ने भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों से सीधा संवाद किया।



कुरुक्षेत्र। वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव रामानंद चौधरी को स्मृति चिहन भेंट करते डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह।

### खेल मैदानों का जायजा लिया

महासचिव रामानंद चौधरी व सर्विसेज कोच राजेश कुमार ने साई सेंटर कुरुक्षेत्र के साथ-साथ द्रौणाचार्य स्टेडियम का अवलोकन किया। इसके अलावा फेडरेशन के महासचिव ने भारत में होने वाले एशियन गेम्स की संभावनाओं को लेकर पटियाला और सोनीपत के खेल मैदानों का भी जायजा लिया। यहां पर महासचिव रामानंद चौधरी व सर्विसेज कोच राजेश कुमार को डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, वॉलीबॉल कोच राहुल सांगवान, हॉकी कोच नरेंद्र ठाकुर, साहिल कुमार व अजावब सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### आधुनिकता के दौर में मेहनत की जरूरत

महासचिव रामानंद चौधरी ने कहा कि आधुनिकता के इस दौर में खिलाड़ियों को खुब मेहनत करने की जरुरत है। इस अभ्यास और मेहनत के साथ-साथ जब खिलाड़ी दूसरी टीमों के साथ मैच खेलता है, तो इस मैच में प्रत्येक खिलाड़ी में आत्मविश्वास झलकना चाहिए। जो खिलाड़ी आत्मविश्वास के साथ गेम खेलेगा, वह निश्चित ही अपना एक मुकाम हासिल करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ी को खेल के मैदान में हार का स्वाद भी चखना चाहिए। इससे खिलाड़ी की प्रतिभा में भी निखार आएगा तथा फिर से जीतने के लिए मेहनत करनी होगी। जो खिलाड़ी हारने के बाद मेहनत करके आगे बढ़ता है, वहीं खिलाड़ी अपना लक्ष्य सहजता से पूरा करता है। डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह ने मेहमानों का स्वागत करते हुए सरकार की खेल नीतियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। वॉलीबॉल कोच राहुल सांगवान ने मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए साई की खेल उपलब्धियों को सबके समक्ष रखा।

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिहोली की पंचायत घर के समीप सामुदायिक शौचालय, ईशरगढ़ रोड स्थित सामुदायिक शौचालय एवं गांव के शमशान घाट इमारतों को कंडम घोषित कर दिया गया है। इसलिए इन तीनों इमारतों की बोली 29-1- 2026 (वीरवार) को प्रातः 11:00 बजे ग्राम सचिवालय बोहली के प्रांगण में की जाएगी। शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी ।

आशा रानी
सरपंच ग्राम पंचायत बिहोली

राजाराम
ग्राम सचिव

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत

**जींद।** गांव छात्तर तथा करसिंधु के बीच अज्ञात वाहन की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव थुआ निवासी संदीप बीती देर शाम पैदल उचाना जा रहा था। गांव छात्तर तथा करसिंधु के बीच अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

### सड़क हादसे में युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** नेशनल हाईवे 152 पर हुए सड़क हादसे में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इंदिरा कॉलोनी नरवाना के प्रदीप ने थाना कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को जब उसका भाई संदीप श्री राम होटल दुमाडा के पास से जा रहा था तो एक अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलते उसे चपेट में ले लिया।

### तेज आवाज में गाने बजाने से रोका तो कर दिया हमला

**जींद।** गांव अलेवा में घर के सामने गाने तेज आवाज में बजाने को लेकर हुए झगड़े में एक पक्ष के छह लोग घायल हो गए। अलेवा थाना पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव अलेवा निवासी नीलम ने पुलिस को शिकायत दी है।

### घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट

**कैथल।** थाना कलायत पुलिस ने महिला के घर में घुसकर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का एक मामला दर्ज किया है। गांव बाता की निर्मला देवी ने कलाई पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 को व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक पर लिफ्ट देकर जेवरात व नकदी छीनी

**जींद।** सफीदों से दो युवकों ने एक महिला को पहले बाइक पर लिफ्ट दी। फिर गांव हाट के निकट महिला से कानों की सोने की बाली, कोका, पांच हजार रुपये की नगदी तथा वीवो के फोन को छीन लिया और फरार हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवार दो युवकों के खिलाफ छीना झपटी को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीआरपी-आरपीएफ ने चलाया सर्च अभियान

**जींद।** गणतंत्र दिवस के चलते जीआरपी व आरपीएफ ने संयुक्त रूप से जींद जंक्शन पर सर्च अभियान चलाया। जीआरपी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जीत सिंह व आरपीएफ थाना प्रभारी कुलदीप ने कहा कि ट्रेन में कोई भी अवैध सामान या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत सूचना पुलिस को दें। गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। इसके चलते ही जींद जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

# हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह : अजय

## डीसी ने तैयारियों को लेकर की समीक्षा, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर बुधवार काके अपने कार्यालय के सभागार में आयोजित संबंधित विभागों के अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है जिसे 26 जनवरी को पूरे हर्षोल्लास, गरिमा एवं भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन सुचारू एवं सफलतापूर्वक किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह अंबाला शहर के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी तथा परेड की सलामी लेंगी। उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह में आमजन के साथ-साथ अधिकारी एवं कर्मचारी अपने परिवार सहित भाग लें, ताकि राष्ट्रीय पर्व को पुरी भव्यता के साथ मनाया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समारोह में शामिल होने वाली सभी विभागों की झांकियां उत्कृष्ट, आकर्षक एवं समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचनी चाहिए।इस दौरान उन्होंने नगर निगम द्वारा कार्यक्रम स्थल व आसपास के क्षेत्रों में सफाई , पुलिस विभाग द्वारा पार्किंग, यातायात एवं सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग एम्बुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने बिजली निगम, लोक निर्माण विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग, लोक संपर्क विभाग, अग्निशमन विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग की जो ड्यूटी एवं जिम्मेदारियां लगाई गई है उन्हें समयबद्ध करवाने के निर्देश दिएं। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी को पुलिस लाइन मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गणतंत्र दिवस समारोह के अंतर्गत प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार किए जाएं तथा सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं।

■ समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करें



**अंबाला।** अफसरों को निर्देश देते डीसी अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीएसपी विजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी, जिला सैनिक बोर्ड से कर्नल श्योराण, डीआईओ शुभम जोधा, डीपीओ मनीषा गागट, डीएचओ सत्यानारायण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


**बराड़ा।** तंदवाल रेलवे स्टेशन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

# तंदवाल रेलवे हॉल्ट पर 5वें दिन भी लटका रहा ताला

■ ऑनलाइन ऐप से वैध टिकट लेकर यात्रा करें यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

तंदवाल रेलवे स्टेशन (हॉल्ट) पर पांचवें दिन भी टिकट काउंटर बंद रहा। टिकट काउंटर बंद होने के बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से अब तक न तो किसी कर्मचारी की तैनाती की गई और न ही कोई अस्थायी टिकट व्यवस्था शुरू की गई, जिससे यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। वर्ष 2005 से यह रेलवे स्टेशन (हॉल्ट) ठेके पर चला हुआ था, लेकिन कोरोना के कारण बंद हुई ट्रेनें के कारण ठेकेदार को टिकट कमीशन में घाटा पड़ने लगा। 16 जनवरी को ठेकेदार ने यहां ताला लगा दिया और लोगों को टिकट मिलने बंद हो गए। पांच दिन बीत जाने के बाद भी तंदवाल हॉल्ट पर कोई व्यवस्था नहीं बदली है। यात्रियों को मजबूरी में बिना टिकट यात्रा करनी पड़ रही है, जो सीधे तौर पर रेलवे नियमों का उल्लंघन है। लोगों का कहना है कि रेलवे की उदासीनता ने ईमानदार यात्रियों को अपराधी बना दिया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब ठेका दिसंबर 2026 तक वैध था तो बीच में टिकट काउंटर कैसे बंद हो गया।

### जल्द टेंडर जारी होगा

"यह मामला हमारे संज्ञान में है। तंदवाल रेलवे स्टेशन नहीं बल्कि हॉल्ट है। लोगों को चाहिए कि वह पास के रेलवे स्टेशन या ऑनलाइन ऐप से टिकट लेकर यात्रा करे। इस मामले में ठेकेदार से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा, अन्यथा जल्द नया टेंडर जारी किया जाएगा, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।"

-नवीन कुमार, सीनियर डीसीएम, अंबाला डिविजन।

# कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर निगम के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (एचएसईबी) वर्कर यूनियन का आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी और लंबित मांगों को लेकर निगम प्रबंधन के साथ हुई वार्ता विफल होने के बाद कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। यूनिट के प्रधान सतबीर देसवाल ने एलान किया कि केंद्रीय परिषद के आह्वान पर अब 5 फरवरी को प्रदेश भर के कर्मचारी पंचकूला में एसीएस पावर का घेराव करेंगे। यूनिट सचिव सोनू यादव ने बब्याल सब-डिवीजन में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग की गलत नीतियों और कर्मचारियों पर की गई एकतरफा पुलिस कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बब्याल प्रकरण में दर्ज एफआईआर निरस्त नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है, इसमें आगामी रणनीति पर कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। कैंट यूनिट के अधीन आने वाली सभी सब-यूनिटों में 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। बब्याल में राकेश राणा, नंबर 2 में हरजीत सिंह, नंबर 1 में राज कुमार व बराड़ा में प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया।

■ एचएसईबी) वर्कर यूनियन का आंदोलन लगातार नौवें दिन रहा जारी

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ व इंटक ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक अश्वनी डोगरा के साथ बैठक की। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों का समयबद्ध समाधान नहीं हुआ, तो फरवरी में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जाएगा। महाप्रबंधक के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद यूनियन के प्रधान रमेश श्योकंद और बलविंदर सैनी ने बताया कि कई वित्तीय मामलों पर प्रगति हुई है, फरवरी और अगस्त माह का ओवरटाइम ट्रेजरी भेज दिया गया है, जल्द भुगतान होगा, बकाया टीए बिलों के भुगतान के लिए फाइल वित्त विभाग को भेज दी गई है। पात्र कर्मचारियों के एसीपी केस प्रोसेस कर दिए गए हैं, वर्कशॉप कर्मचारियों के बकाया वेतन का मामला भी ट्रेजरी पहुंच चुका है, लंबित जांच केसों का निपटारा अब वरिष्ठता के आधार पर तेजी से किया जा रहा है। पूर्व राज्य प्रधान इंद्र सिंह बधाना ने कहा कि डिपो स्तर की मांगों के अलावा बड़े मुद्दों पर आर-पार की लड़ाई होगी। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के 31 दिसंबर 2025 के फैसले के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, 8वां वेतन आयोग लागू करना, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, इन प्रमुख मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। डिपो प्रधान रमेश श्योकंद ने घोषणा की कि यूनियन जल्द ही कर्मचारी संवाद कार्यक्रम शुरू करेगी। इसके तहत डिपो के हर कर्मचारी से मिलकर उनकी समस्याओं को चिह्नित किया जाएगा और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में वीरभान बैनीवाल, संजय कालता, महावीर पाई, सरबजीत सिंह, मंगा राम, सतनाम सिंह और नरेंद्र सैनी समेत कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

■ जीएम को करवाया अवगत, आंदोलन की चेतावनी


**बराड़ा।** स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# गायन प्रतियोगिता में काजल ने मारी बाजी

**बराड़ा।** अधोया स्थित लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में टैलेंट कार्निवल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रहमदीन उपस्थित रहे। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान एवं कॉलेज सचिव रमेश सांगवान विशेष रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजनों से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन बीएड छात्रा पूजा एवं आशना ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गायन प्रतियोगिता में काजल ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय तथा शिवानी (बीएड प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में योगिता एवं पूजा (बीएड प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान हासिल किया। शायरी प्रतियोगिता में अंकित कुमार प्रथम तथा विशाल (बीएड प्रथम वर्ष) द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं मेहंदी प्रतियोगिता में सविता (बीएड प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

■ सिमरन द्वितीय स्थान पर रही

# घरेलू गैस के इस्तेमाल को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थंबड़ में घरेलू गैस के सुरक्षित उपयोग को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम में बलकार सिंह ने विद्यालय के स्टाफ सदस्यों, मिड-डे मील कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को घरेलू गैस के सुरक्षित एवं सही उपयोग की जानकारी दी तथा इससे जुड़ी सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।


**बराड़ा।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए किया प्रेरित

इसके उपरांत समाजसेवी हुकम सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समाज में फैल रही बुराइयों से दूर रहने, स्वच्छता अपनाने, नशे से बचने तथा सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### नशीले कैप्सूल तस्करी मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** सीआईए-नारायणगढ के पुलिस दल ने नशीले कैप्सूल बेचने के मामले में आरोपी हर्ष कुमार को गिरफ्तार किया है। सीआईए-नारायणगढ प्रभारी उप निरीक्षक जरनैल सिंह ने बताया कि 4 दिसंबर 2025 को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि आरोपी गुरमेज सिंह नशीले कैप्सूल बेचने का कार्य करता है। सूचना उपरांत जांच टीम ने आरोपी गुरमेज सिंह को 128 नशीले कैप्सूल्ज सहित काबू किया है। अब उसके खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रजनी अव्वल और आर्यन द्वितीय रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

गवर्नमेंट पीजी कॉलेज अंबाला छावनी में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत दो जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा ने विजेता छात्रों को सम्मानित किया। प्रथम कार्यक्रम के रूप में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रो. शिल्पा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स जागरूकता से संबंधित संदेशों पर हस्ताक्षर कर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। दूसरे कार्यक्रम के रूप में पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रो. बिंदु के निर्देशन में किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गमलों को आकर्षक रूप से सजाकर उन पर एचआईवी/एड्स जागरूकता से संबंधित चित्र, नारे एवं संदेश अंकित किए। प्रतियोगिता के मूल्यांकन में डॉ. वंदना, प्रो. सुजाता एवं डॉ. अभा चौधरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजनी, द्वितीय स्थान आर्यन तथा तृतीय स्थान अमन ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त आंचल, तमन्ना एवं मोहम्मद शोएब को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेड रिबन क्लब की कन्वीनर डॉ. अंजू तंवर का विशेष योगदान रहा।

■ गवर्नमेंट पीजी कॉलेज छावनी में प्रतियोगिता का किया आयोजन

# हर वार्ड को सभा के लिए दो भागों में बांटा

## हर नागरिक की समस्या का होगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के 20 वार्डों में नगर निगम की ओर से सभाएं आयोजित की जाएंगी। इन सभा के जरिये निगम की ओर से नियुक्त किए गए वार्ड सचिव वृद्धावस्था, विधवा पेंशन व दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों का सत्यापन करेंगे।

इन योजनाओं के सत्यापन को लेकर निगम के पास सरकार की ओर से सूची भेजी गई हैं। इन सभा का आयोजन बुधवार सुबह 11 बजे से किया गया। इन योजनाओं के अलावा एरिया सभा की अनुमति से एजेंडा को भी शामिल किया जाएगा और इन एजेंडा को निगम अधिकारियों की ओर से सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

हरियाणा नगरपालिका भागीदारी अधिनियम 2008 के प्रावधानों के अनुसार सभा होगी। एरिया सभा के कुल मतदाताओं के 10 प्रतिशत मतदाताओं की ओर से भाग लिया जाना आवश्यक है। हर वार्ड को सभा के लिए दो भाग में बांटा गया है। वार्डों में यह सभा आयोजित की गई, मगर ही लोग पहुंचे। निगम की ओर से पूर्व पार्षदों की बैठक भी ली गई।

■ एरिया के 10 प्रतिशत मतदाताओं का भाग लेना बहुत जरूरी


## नौ दिवसीय श्रीमद्भगवद गीता प्रवचन कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को किया संबोधित

# गीता ज्ञान हृदय में धारण करने से जीव को संसार सागर से मुक्तिः कमलानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम, हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता अद्वैत रूपी अमृत की वर्षा करती है, जबकि द्वैत में दुःख, भय और अशांति का वास होता है। जिस व्यक्ति के हृदय में गीता का ज्ञान स्थापित हो जाता है, उसे माया कभी भ्रमित नहीं कर सकती। जब तक मनुष्य के हृदय में संसार का मोह भरा रहता है, तब तक गीता का प्रवेश संभव नहीं हो पाता। यदि गीता ज्ञान को हृदय में धारण कर लिया जाए तो जीव सदा के लिए संसार सागर से पार हो जाता है और जन्म-मरण के कुचक्र से मुक्त हो जाता है। यह सदविचार स्वामी कमलानंद गिरि महाराज ने श्री रघुनाथ मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीमद्भगवद गीता प्रवचन कार्यक्रम के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि वेदव्यास ने 18 पुराणों की रचना की, एक लाख श्लोकों वाला महाभारत ग्रंथ लिखा तथा वेदों के चार विभाग किए। शास्त्रकारों के अनुसार संसार का समस्त ज्ञान वेदव्यास जी का प्रतिपादित किया हुआ है, इसलिए उन्हें बार-बार प्रणाम करने का विधान है। उन्होंने महाभारत की तुलना तेल से भरे दीपक से करते हुए कहा कि उस दीपक की ज्योति श्रीमद्भगवद गीता है। गीता ज्ञान का प्रकाश मानव के आंतरिक अंधकार को दूर कर देता है। जिस अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाने के लिए ऋषि-मुनियों ने कठिन तपस्याएं कीं, वह केवल गीता के श्रवण मात्र से भी नष्ट हो सकता है। गिरि महाराज ने कहा कि कल्पवृक्ष भले ही सांसारिक इच्छाएं पूरी कर दे, परंतु मोक्ष देने में असमर्थ है, जबकि श्रीमद्भगवद गीता के श्रवण से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि जैसे चुंबक लोहे को अपनी ओर खींचता है, वैसे ही परमात्मा अपने भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। जो भक्त निरंतर भगवान श्रीकृष्ण के नाम का जप करता है। वह आनंद के सिंधु में गोते लगाता है और आवागमन के चक्र से सदा के लिए मुक्त हो जाता है।

■ श्रीमद्भगवद गीता के श्रवण मात्र से संभव है मोक्ष की प्राप्ति



**अंबाला।** सत्संग समारोह में प्रवचन करते महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरि महाराज तथा उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज मोबाइल फोन छीनने के मामले में पुलिस ने आरोपी मोहम्मद मुशरफ को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 25 अक्तूबर 2025 को रानीबाग से आरोपी ने उससे मोबाइल फोन छीन लिया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अब आरोपी को काबू किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005